चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा/5790
दिनांकः 18-02-2022

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित एवं स्वः वित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप अवगत ही हैं कि स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों की संख्या, राजकीय व अनुदानित महाविद्यालयों की संख्या की तुलना में अत्यधिक है। अतः इनके छात्रों की संख्या भी अधिक रहती है।

परीक्षा केन्द्र बनाते समय परीक्षा की शुचिता बनाए रखना एक महत्त्वपूर्ण कार्य है। अतः राजकीय व अनुदानित महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र हेतु प्रथम प्राथमिकता होते हैं। किन्तु राजकीय व अनुदानित महाविद्यालय के शिक्षक पर्यवेक्षक (Observer)/उड़ाका दल (Flying Squad)/ केन्द्रीय सतर्कता दल (Central Vigilance Team) व नोडल केन्द्र (Nodal Centre) आदि के कार्य में लगे रहने के कारण कक्ष निरीक्षण (Invigilator Duty) हेतु अपर्याप्त रहते हैं।

अतः परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण हेतु गठित समिति की अनुशंसानुसार परीक्षा केन्द्रों पर कक्ष निरीक्षक (Invigilator) की कमी को पूरा करने हेतु जिस भी स्ववित्त पोषित महाविद्यालय के छात्र अन्य परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा दे रहे हैं वह प्रति 20 छात्र हेतु एक शिक्षक Invigilator के रूप में भेजना सुनिश्चित करें।

ध्यान रहे कि परीक्षा केन्द्र यह सुनिश्चित करेगा कि किसी महाविद्यालय के अपने Invigilator उसी के परीक्षार्थियों के साथ न लगाये जायें।

भवदीय,
17/02/2022

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. समिति के समस्त सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति को मा0 प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
6. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
7. सहा0 कुलसचिव (गोपनीय/कमेटी सैल/बी0एड0 सैल) को सूचनार्थ।
8. गार्ड फाईल-''अधिसूचना''।

17/02

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)